महत्वपूर्ण एवं खास

पंचायत सचिव श्याम पटेल निलंबित

रायगढ़। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने ग्राम पंचायत भेंगारी अतिरिक्त प्रभार कया, जनपद पंचायत घरघोड़ा के ग्राम पंचायत सचिव श्यामलाल पटेल को भण्डार क्रय नियम का पालन नहीं करते हुए ग्राम पंचायत की शासकीय राशि का दुरूप्रयोग करने, उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने तथा अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत खरसिया निर्धारित किया गया है।

आश्रम के बच्चों के लिए कोतरारोड पुलिस ने उपलब्ध कराई चावल

रायगढ़। थाना कोतरारोड़ अंतर्गत कोसमनारा में स्थित बच्चों के आश्रम को कोतरारोड़ पुलिस द्वारा आज दो बोरी चावल (100 Kg) प्रदाय किया गया है। कोतरारोड़ पुलिस के स्टाफ आश्रम में बच्चों की देखभाल करने वालों के संपर्क में रहते हैं तथा समय-समय पर थाना प्रभारी एवं स्टाफ अपनी इच्छा अनुरूप आश्रम में बच्चों के लिए खाद्य सामग्रियों व अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराया जाता रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 12.09.2022 को थाना प्रभारी कोतरारोड़ गिरधारी साव द्वारा आश्रम में बच्चों के लिये अपने स्टाफ के मार्फत दो बोरी चावल भिजवाया गया है।

जिले में 1037 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 13 सितम्बर तक 1037 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 16.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1232 मिली मीटर, पुसौर में 1273.7, खरसिया में 1050.5, सारंगढ़ में 1262.8, बरमकेला में 941.3, घरघोड़ा में 812.8, तमनार में 1059.7, लैलूंगा में 1028.1, धरमजयगढ़ में 937.1, सरिया में 969.7 एवं छाल में 839.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जवाहर नवोदय विद्यालय : कक्षा 9 वीं के रिक्त 2 पदों के लिए 15 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, रायगढ़ में सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 9 वीं के 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति हेतु चयन परीक्षा के माध्यम से पूर्ण किया जाना है। जिस हेतु आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से जमा करने हेतु अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2022 निर्धारित की गयी है। परीक्षा तिथि 11 फरवरी 2023 है। रायगढ़ जिले के शासकीय/शासन से मान्यता प्राप्त विद्यालय से सत्र 2022-23 में कक्षा 8 वीं की परीक्षा में सम्मिलित/उत्तीर्ण छात्र प्रवेश परीक्षा में बैठने के पात्र है। इसके लिए छात्र की जन्म तिथि 01.05.2008 से 30.04.2010 दोनों दिन मिलाकार के मध्य होनी चाहिए। इस परीक्षा के लिए सभी श्रेणी के उम्मीदवारों के साथ अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार भी पात्र होंगे। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट www.navodaya.gov.in एवं विद्यालय के वेबसाईट https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/RAIGARH/en/home को देख सकते है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना काप्-जिला रायगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी तथा सहायिकाओं की रिक्त पदों के लिए 28 सितम्बर 2022 शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि एवं समय पर कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना-काप्, जिला-रायगढ़ में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन जमा कर सकते है। आंगनबाड़ी /मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु 12 वीं अथवा 11 वीं बोर्ड उत्तीर्ण तथा आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 8 वीं बोर्ड उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

दिल की बीमारी से मासूमों का जीना था मुश्किल, डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना ने दिया नया जीवन : अब चहक रही है कोमल और मुस्कुरा रही है पायल

❑ मुख्यमंत्री ने बच्चियों संग खिंचवाई फोटो, गिफ्ट देकर उन्हें किया सम्मानित

रायगढ़। रायगढ़ के सोनबरसा की रहने वाली कोमल चौहान दूसरी कक्षा में पढ़ती है। बार-बार बीमार रहने से कोमल के घरवाले परेशान रहते थे। इसी तरह से चपले गांव की रहने वाली पायल पटेल भी बीमारी की वजह से हंसना-मुस्कुराना भूल गई थी। इन दोनों मासूमें के परिजनों को समझ नहीं आ रहा था कि वो क्या करें। दरअसल पायल और कोमल को दिल की बीमारी थी जिसे डॉक्टर समझ नहीं पा रहे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम स्कूलों में जाकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच करती है, इसी जांच में ये पता चला कि दोनों बच्चियों के दिल में छेद है जिससे उनका विकास नहीं हो पा रहा है और वो बीमार रहती हैं। इसके बाद कोमल और पायल को डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना के तहत रायपुर के बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया और दोनें का नि:शुल्क इलाज कराया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा शुरू की गई डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना की वजह से ही आज कोमल और पायल जैसी बच्चों की जान बच रही है और वो अपना नया जीवन शुरू कर पा रहे हैं।

आज जब बच्चों के परिजनों को पता चला कि मुख्यमंत्री खरसिया के चपले गांव में आ रहे हैं तो दोनों बच्चियां भी परिजनों के साथ मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचीं। मुख्यमंत्री ने न सिर्फ इन बच्चियों के साथ फोटो खिंचवाई बल्कि इन्हें गिफ्ट देकर सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने नंदेली में शहीद नंदकुमार पटेल एवं दिनेश पटेल की समाधि स्थल शांति बगिया में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायगढ़ जिले के ग्राम नंदेली में शहीद नंदकुमार पटेल एवं दिनेश पटेल की समाधि स्थल शांति बगिया में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। नंदकुमार पटेल और उनके युवा पुत्र दिनेश पटेल वर्ष 2013 में बस्तर के झीरम घाटी नक्सल हमले में शहीद हुए थे। नंदेली पटेल का गृहग्राम है। मुख्यमंत्री बघेल रायगढ़ जिले में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान शहीद नंदकुमार के ग्राम नंदेली पहुंचकर शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। स्वर्गीय नंदकुमार के पुत्र एवं राज्य सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल सहित उनके परिवार जन इस अवसर पर उपस्थित थे।

किसान मालाकार ने मुख्यमंत्री का राजीव गांधी किसान न्याय योजना के लिए व्यक्त किया आभार

रायगढ़। मुख्यमंत्री बघेल द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना की जानकारी लेनी चाही तब किसान मालाकार ने बताया कि उनके पास 7 एकड़ जमीन है जिस पर वे धान की खेती करते हैं। उन्हें इस वर्ष योजना की दोनों किश्तों से 18 हजार रुपए का लाभ हुआ है। मुख्यमंत्री बघेल के पूछे जाने पर मालाकार ने बताया कि योजना से मिली राशि से उन्होंने अपने खेत में बोर की खुदाई करवाई है। जिससे उन्हें अब बारह महीने साग-भाजी की खेती करने में आसानी हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि वे लगभग 2.5 एकड़ में उद्यानिकी विभाग की मदद से मल्चिंग पद्धति अपनाकर करेले की खेती कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मालाकार से चुटकी लेते हुए कहा कि इतना लाभ हुआ तो आपने बहु के लिए क्या लिया। इस पर मालाकार ने बताया कि वे अपने बेटे के विवाह के लिए पैसे जमा कर रहे।

शिक्षक दिवस के दिन घर लौट रही छात्राओं से छेड़खानी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

❑ धररजयगढ़ पुलिस ने आरोपियों को पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़। 5 सितंबर शिक्षक दिवस के दिन स्कूल से घर लौट रही छात्राओं के साथ रास्ते में धरमजयगढ़ प्रेमनगर के लड़कों द्वारा रास्ता रोककर लड़कियों से छेड़खानी किया गया था। मामले में थाना धरमजयगढ़ में अपराध दर्ज के बाद से आरोपी फरार थे। थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उपनिरीक्षक नंदलाल पैकरा द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुखबीर लगाए गए थे। आज मुखबीर सूचना पर पुलिस द्वारा 2 आरोपियों को पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अर्टिका कार की जब्ती की गई है।

घटना के संबंध में दिनांक 05.09.2022 को बालिका के परिजन द्वारा आवेदन देकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था, जिस पर अपराध क्रमांक 173/ 2022 धारा 294, 506, 323, 352, 34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरमियान बालिकाओं के न्यायालयीन कथन एवं महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया, जिसमें घटना दिनांक को नरेंद्र मंडल, बिट्टू सरकार और वाहन चला रहा राजा तीन लड़के रास्ता रोककर छेड़खानी करना बताएं, तदुपरांत प्रकरण में धारा 354 भादवि 8 पॉक्सो एक्ट जोड़ा गया फरार आरोपियों के संबंध में शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर एसडीओपी धररजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा सतत पर्यवेक्षण में लेकर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी क्रम में आज छेड़खानी करने वाले आरोपी नरेंद्र मंडल पिता महादेव मंडल उम्र 22 साल एवं मनीष सरकार पिता नित्यानंद सरकार 22 साल दोनों निवासी प्रेमनगर थाना धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर आरोपियों से अर्टिगा वाहन सीजी 30- 0348 जप्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है फरार आरोपी राजा की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

ग्राम तरकेला में जूटमिल पुलिस की शराब रेड, सात लीटर महुआ शराब जब्त

❑ घर में अवैध महुआ शराब बनाने की सूचना पर महिला समिति के सदस्यों के साथ पुलिस ने की रेड

रायगढ़। दिनांक 11.09.2022 को चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल को उनके मुखबीर एवं ग्राम तरकेला की महिला समिति की अध्यक्ष से सूचना मिली कि गांव का टीकाराम सारथी घर आंगन में महुआ शराब बना रहा है। सूचना पर चौकी प्रभारी जूटमिल द्वारा चौकी की पेट्रोलिंग को ग्राम तरकेला पहुंचकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम तत्काल ग्राम तरकेला पहुंची व महिला समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ टीकाराम सारथी पिता मंगलू सारथी उम्र 37 वर्ष निवासी तरकेला, चौकी जूटमिल के घर जाकर शराब रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी टीकाराम सारथी उसके घर आंगन में हाथ भट्टी का महुआ शराब बनाते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से छोटा और बड़ा एलमुनियम का 2 डेचकी और एक 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक ड्रम जिसके अंदर 7 लीटर महुआ शराब कीमती रु.700 को गवाहों के समक्ष पुलिस टीम बरामद कर पंचनामा तैयार किया गया। आरोपी द्वारा अवैध रूप से शराब बनाकर बेचना पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

शिशु संरक्षण माह का हुआ जिला स्तरीय शुभारंभ

रायगढ़। शिशु संरक्षण माह के जिला स्तरीय उद्घाटन समारोह का आयोजन हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर रामभाटा के प्रांगण में 13 सितम्बर को नगर निगम के महापौर जानकी काटजू द्वारा बच्चों को विटामिन ए और आयरन सिरप पिलाकर किया गया। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल, हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर रामभाटा के चिकित्सा अधिकारी डॉ.कॉकोली पटनायक, जिला आर.एम.एन.सी.एच. सलाहकार डॉ.राजेश मिश्रा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राकेश शर्मा, ग्रामीण चिकित्सा सहायक चोलेश्वर सिंह पटेल, हलधर यादव, सुनील पटेल, कुलदीप साहू एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर रामभाटा के समस्त अधिकारी कर्मचारी तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल ने बताया कि विटामिन ए का नियमित खुराक प्रत्येक छ: माह में एक बार लेने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वांस, संक्रमण, बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है। अत: 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को विभिन्न रोगों से बचाव करने वाली विटामिन की सिरप तथा 06 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आईएफए सिरप अवश्य पिलायें। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सभी हितग्राहियों 9 माह से 5 वर्ष के बच्चे एवं गर्भवती माताओं को नौ जानलेवा बीमारियों तथा टेटनेस से बचाव हेतु टीके लगवायें। शिशु संरक्षण माह के दौरान मंगलवार और शुक्रवार को जिले के सभी ग्रामों में आयोजित टीकाकरण सत्रों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दी जाने वाली सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठायें।

रोका-टोकी करने पर वृद्ध नाना को नाती डंडे से मारा, वृद्ध की मौत

❑ हत्या के आरोप में धरमजयगढ़ पुलिस ने आरोपी को लिया हिरासत में, ग्राम नागदरहा की घटना

रायगढ़। दिनांक 11.09.2022 को थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उप निरीक्षक नंदलाल पैंकरा को ग्राम नागरदहा से सूचना मिला कि गांव में एक वृद्ध को उसके नाती द्वारा डंडे से मारकर हत्या किया गया है, आरोपी फरार है। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ ग्राम नागरदहा पहुंचे। मृतक की पहचान सोनूराम राठिया पिता स्व. देव सिंह राठिया उम्र 80 वर्ष के रूप में हुआ जो अपने घर में मृत पड़ा था। मृतक की बेटी कमला बाई राठिया पति स्व. पनतराम राठिया उम्र 55 वर्ष साकिन नागदरहा थाना धरमजयगढ़ घटना के संबंध में बतायी कि वह अपने पिता सोनूराम राठिया (80 साल) के साथ रहती है और इसका बेटा लड़का दर्शन सिंह राठिया (28 साल) अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ अलग रहता है। दिनांक 10.09.2022 के शाम पिताजी (सोनूराम राम राठिया) आंगन में डंडा पकड़कर टहल रहे थे। शाम करीब 05/00 लड़का दर्शन सिंह राठिया बस्ती तरफ से घूमकर आ रहा था जिसे देखकर पिताजी डांटते हुये दर्शन को बोले कि कुछ काम धंधा नहीं करते हो दिन भर घुमते रहते हो। इतने में दर्शन सिंह राठिया हमेशा मुझे डांटते रहते हो कहते हुए पिताजी के डंडा को छीनकर हत्या करने की नियत से सिर में डंडा से मारा जिससे पिताजी जमीन में गिर गये और बेहोश हो गये जिसे देखकर लड़का दर्शन वहां से भाग गया। उसी समय गांव का चेतन राठिया रास्ते से गुजर रहा था जिसके साथ पिताजी को उठाकर घर अंदर ले जाकर लिटाई।

दूसरे दिन दिनांक 11.09. 2022 के सुबह करीब 04/00 बजे पिताजी की मृत्यु हो गयी। लड़का दर्शन सिंह के द्वारा पिताजी (सोनूराम राम राठिया) डंडा से सिर में मारने से सिर में गंभीर चोट लगने और अधिक मात्रा में खून बहने के कारण हुआ है। मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्ट मार्टम के लिये सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ भेजा तथा कमला बाई राठिया के रिपोर्ट पर आरोपी दर्शन सिंह राठिया पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी दर्शन सिंह राठिया की पतासाजी किया गया जो फरार था, देर शाम आरोपी को गांव के बाहर धर दबोचा गया जिसे हिरासत में लेकर थाना लाया गया है, आरोपी को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा जावेगा। आरोपी धरपकड़ की कार्रवाही में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उप निरीक्षक नंदलाल पैंकरा एवं हमराह स्टाफ सहायक उप निरीक्षक अमृत मिंज, आरक्षक दिलीप तिर्की, शामवेल मिंज, दीपक खलखों की अहम भूमिका रही है।

गर्भवती बीवी के हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा में 5 महीने पहले हुई गर्भवती महिला की मौत मामले का राज खुल गया है। दरअसल, उसकी हत्या की गई थी। उसे किसी और ने नहीं बल्कि उसके ही पति ने मारा था। लोगों को गुमराह करने उसने झूठी कहानी सुनाई थी। मगर पीएम रिपोर्ट की वजह से मौत का राज खुल गया है। मामला रामपुर चौकी क्षेत्र का है।

खपराभ_ा इलाके के रहने वाले शिव प्रकाश शाह ने अपनी गर्भवती पत्नी ममता शाह को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया था। उसने डॉक्टरों को बताया था कि इसने आत्महत्या का प्रयास किया है। इसने चाकू मारकर आपने आप को घायल कर लिया है। जिसके बाद से महिला का इलाज चल रहा था। कुछ दिन बाद इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी। मौत के बाद महिला का पोस्टमॉर्टम भी कराया गया था। पुलिस को भी इस बात की सूचना दी गई। उस दौरान पुलिस ने उसके पति से पूछताछ की थी। लेकिन युवक पुलिस को गुमराह करता रहा। बार-बार आत्महत्या करने की बाद ही युवक ने पुलिस को बताई थी। इधर, पीएम रिपोर्ट आने में काफी देर हुआ। लेकिन कुछ दिन पहले आखिरकार रिपोर्ट आ गई। जिसमें पता चला कि महिला के शरीर में कई वार किए गए थे। किसी हथियार से मारने से उसकी हत्या हुई। ये पता चलने के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। हिरासत में लेकर पूछताछ की, तब उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि मुझे शक था कि मेरी पत्नी का किसी और से संबंध है। इसी वजह से मैं परेशान था। घटना के दिन हमारे बीच विवाद हुआ। जिसके बाद मैंने उसके पेट में चाकू मारकर उसे घायल कर दिया था। किसी को शक ना हो इसलिए मैंने झूठी कहानी सुनाई थी। आरोपी के इस कबूलनामे के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

रोजमर्रा के जीवन में आने वाले तनाव से निपटने के लिए हुई कार्यशाला

❑ नर्सिंग की छात्राओं ने सीखे आत्महत्या को रोकने के गुर

रायगढ़। "आत्महत्या को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग कई कदम उठा रहा है। तेजी से भागती हुई जिंदगी में विकास के साथ तनाव भी उसी अनुपात में बढ़ा है लेकिन लोग तनाव प्रबंधन या तनाव को दूर करने की कोशिश नहीं कर बस आगे बढ़ने में लगे रहते हैं यही तनाव कब अवसाद बन जाता है और इसी अवसाद में व्यक्ति अपनी जिंदगी खत्म करने की कोशिश करता है। इसलिए हम तनाव को कम करने पर ज्यादा ध्यान देते हैं और इसी को लेकर सारे कार्यक्रम तय किये जाते हैं। " मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी ने आत्महत्या रोकथाम सप्ताह समाप्त होने के बाद यह बाते कहीं।

विदित हो कि जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आत्महत्या रोकथाम के लिए वर्कशाप और सेमिनार का आयोजन इस बार जिला स्तर पर कई जगहों पर किया गया। मंगलवार को जिला मानसिक स्वास्थ्य की टीम ने शासकीय नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं को गेट कीपर की ट्रेनिंग दी। गेट कीपर वह होता है जो अपने आसपास के लोगों के व्यवहार में हो रहे बदलाव पर नजर रखता है और आत्महत्या करने जैसे लक्षणों वाले व्यक्तियों को तुरंत पहचान कर उसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देता है जिससे उस व्यक्ति की उचित समय पर काउंसिलिंग की जा सके।

मेडिकल कॉलेज कैंपस स्थित नर्सिंग कॉलेज की 60 छात्राओं, प्रोफेसर और स्टाफ को कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम की ट्रेनिंग के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य लोगों के मध्य तनाव के प्रबंधन को समझाना एवं आत्महत्या रोकथाम के लिए रोग पहचान कर उचित परामर्श के लिए स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करने की सलाह देना था।

कार्यशाला की जानकारी देते हुए नर्सिंग ऑफिसर और मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार अतीव राव ने बताया: "नर्सिंग की छात्रों को आगे चलकर अस्पताल में अपनी सेवाएं देनी है। जहां आत्हमत्या के मामले आते हैं तो उन मरीजों से उन्हें कैसा बर्ताव करना, साथ ही कई बार लंबी बीमारी से जूझ रहे मरीजों में भी आत्महत्या करने के ख्याल आते हैं या आत्महत्या कर लेते हैं तो ऐसे लोगों को कैसे संभाले इसकी जानकारी दी गई। जिले में मानसिक स्वास्थ्य इकाई के माध्यम से कार्यस्थल पर तनाव का प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।